प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
18.45 शनिवार     दिनांक 21.02.2026

मुख्य समाचारः—

- एसआईआर के पश्चात प्रदेश में मतदाता सूची का आज अंतिम प्रकाशन किया गया—राज्य में करीब चौबीस लाख निन्यानवे हजार मतदाता कम हुए हैं।
- छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने निजी स्कूलों में कक्षा पांचवीं और आठवीं की परीक्षा के आयोजन का अधिकार स्कूल शिक्षा विभाग को दिया।
- कांग्रेस विधायक कवासी लखमा को राज्य विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति कुछ शर्तों के साथ प्रदान की गई।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे।

एसआईआर—निर्वाचन नामावली—01

प्रदेश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद आज मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। इसके अनुसार प्रदेश में एक करोड़ सतयासी लाख तीस हजार नौ सौ चौदह मतदाता पंजीकृत हैं। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश के बाद प्रदेश में पिछले साल सत्ताईस अक्टूबर से एसआईआर का कार्य शुरू हुआ था। यह प्रक्रिया करीब चार महीने तक चली।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार प्रारूप सूची से पहले प्रदेश में मतदाताओं की संख्या दो करोड़ बारह लाख तीस हजार सात सौ सैंतीस थी। इस तरह से एसआईआर की प्रक्रिया के बाद प्रदेश में चौबीस लाख निन्यानवे हजार आठ सौ तेईस मतदाता कम हो गए हैं। छत्तीसगढ़ में

विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान मतदाताओं से प्राप्त उनकी नवीनतम फोटोग्राम भी अंतिम मतदाता सूची में प्रकाशित की गई है।

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी यशवंत कुमार ने बताया कि एसआईआर की प्रक्रिया के दौरान सत्ताईस हजार से अधिक बीएलओ ने घर–घर जाकर गणना प्रपत्र वितरित किए और मतदाताओं के मिलान तथा मैपिंग का कार्य भी सफलतापूर्वक किया। एसआईआर प्रक्रिया में अड़तीस हजार से अधिक बूथ लेवल एजेंटों और स्वयंसेवकों की भी सक्रिय भागीदारी रही।

एसआईआर–निर्वाचन नामावली–02

अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची का अवलोकन मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की आधिकारिक वेबसाइट के साथ ही वोटर पोर्टल पर किया जा सकता है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि यदि किसी मतदाता का नाम अंतिम प्रकाशित मतदाता सूची में शामिल नहीं है तो वे अपना नाम दर्ज कराने के लिए फॉर्म–छह भरकर उसके साथ घोषणा पत्र और जरूरी सहायक दस्तावेज संलग्न कर ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से अपना आवेदन कर सकते हैं। वहीं, यदि इस सूची में उपलब्ध जानकारी में कोई गलती है तो मतदाता फॉर्म–आठ भरकर ऑनलाइन या ऑफलाइन सुधार के लिए आवेदन कर सकते हैं।

इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में कई तकनीकी समाधान प्रस्तुत किए गए। श्री वैष्णव ने आज सुबह समिट का दौरा किया। उन्होंने कहा

कि युवाओं में एआई समिट को लेकर बहुत उत्साह है। उन्होंने समिट स्थल पर आयोजित प्रदर्शनी में कांग्रेस कार्य़कर्ताओं द्वारा कल हंगामा किए जाने पर कहा कि लोगों ने इसे बेहद शर्मनाक बताया है।

केंद्रीय गृहमंत्री–सीआरपीएफ स्थापना दिवस

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज गुवाहाटी में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल–सी.आर.पी.एफ. के सतयासीवें स्थापना दिवस परेड समारोह में शामिल हुए। इस मौके पर श्री शाह ने कहा कि देश ने अगले महीने की इकतीस तारीख तक माओवाद को जड़ से खत्म करने का संकल्प लिया है। श्री शाह ने कहा कि सीआरपीएफ के जवान और कोबरा बटालियन देश को नक्सल मुक्त बनाने के लिए काफी महत्वपूर्ण काम कर रहे हैं।

हाईकोर्ट–परीक्षा

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने हिंदी और अंग्रेजी माध्यम के निजी स्कूलों में कक्षा पांचवीं और आठवीं की परीक्षा के आयोजन का अधिकार स्कूल शिक्षा विभाग को दिया है। गौरतलब है कि प्रायवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने स्कूल शिक्षा विभाग के इस आदेश को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। मामले की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने एसोसिएशन की याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट के इस फैसले के बाद प्रदेश में माध्यमिक शिक्षा मंडल से मान्यता प्राप्त छह हजार से अधिक निजी स्कूलों में पांचवीं और आठवीं की वार्षिक परीक्षा का आयोजन अब स्कूल शिक्षा विभाग करेगा।

रमन सिंह–कवासी लखमा

कांग्रेस विधायक कवासी लखमा को राज्य विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने की सशर्त अनुमति प्रदान की गई है। गौरतलब है कि शराब घोटाला मामले में आरोपी श्री लखमा को सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिली है।

विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने बताया कि कवासी लखमा को विधानसभा की कार्यवाही में शामिल होने की अनुमति कुछ शर्तों के आधार पर दी गई है।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र तेईस फरवरी से शुरू हो रहा है।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का एक सौ इकतीसवां संस्करण होगा। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा। आकाशवाणी हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।

विधि विश्वविद्यालय–दीक्षांत समारोह

हिदायतुल्लाह राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय का नौवां दीक्षांत समारोह रायपुर में कल बाईस फरवरी को आयोजित किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत दीक्षांत समारोह के मुख्य

अतिथि होंगे। समारोह में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सर्वोच्च न्यायायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति पी.एस. नरसिन्हा, प्रशांत कुमार मिश्रा और छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य  न्यायाधीश रमेश सिन्हा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। दीक्षांत समारोह में उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए छत्तीस स्वर्ण पदक प्रदान किए जाएंगे।

सीजीपीएससी—प्रारंभिक परीक्षा

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग—सीजीपीएससी द्वारा राज्य सेवा की प्रारंभिक परीक्षा कल बाईस फरवरी को प्रदेश के सभी तैंतीस जिलों में आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा दो पालियों में होगी। पहली पाली का समय सुबह दस बजे से दोपहर बारह बजे तक निर्धारित किया गया है। वहीं, दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर तीन बजे से शाम पांच बजे तक ली जाएगी। अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र सीजीपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

मुख्यमंत्री—रक्तदान शिविर शुभारंभ

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आज बासठवां जन्मदिन है। इस मौके पर मुख्यमंत्री के रायपुर स्थित निवास में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बासठ लोगों ने रक्तदान किया। मुख्यमंत्री ने इस शिविर का उद्घाटन करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है और यह मानवता की सच्ची सेवा है। इस अवसर पर श्री साय ने रक्तदान करने वाले लोगों को सम्मानित भी किया। इस मौके पर सुरक्षित यातायात जागरूकता अभियान का भी आयोजन किया गया।

भाजयुमो—प्रदर्शन

नई दिल्ली में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए प्रदर्शन के विरोध में आज राजधानी रायपुर में भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। कार्यकर्ता कांग्रेस के प्रदेश कार्यालय राजीव भवन का घेराव करने निकले, लेकिन पुलिस ने उन्हें बीच में ही रोक दिया। इस दौरान शंकर नगर चौक में करीब आधे घंटे तक यातायात प्रभावित हुआ।

<u>दुर्घटना</u>

प्रदेश में बीते चौबीस घंटों के दौरान हुए दो अलग–अलग सड़क हादसों में पांच लोगों की मौत हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार रायपुर जिले के आरंग में पारागांव के पास बीती रात एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। आरंग पुलिस के अनुसार ये सभी युवक महासमुंद से लौट रहे थे।

वहीं, बिलासपुर जिले के रतनपुर थाना क्षेत्र में भी बीती रात दो मोटरसाइकिलों के बीच हुई भिडंत में दो युवकों की मौत हो गई। जबकि, एक युवक घायल हो गया है, जिसे बिलासपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

<u>'देखो अपना देश' –प्रतियोगिता</u>

केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय इंडिया टूरिज्म मुंबई द्वारा आज रायपुर में 'देखो अपना देश' ब्रोशर निर्माण प्रतियोगिता के तहत पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन कर छत्तीसगढ़ के विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस मौके पर पर्यटन शिक्षा प्रदर्शनी भी लगाई गई थी। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ सहित पश्चिम और मध्य क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में ''कांकेर'' जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

मौसम

प्रदेश में गर्मी ने असर दिखाना शुरू कर दिया है। मौसम विभाग के अनुसार कल प्रदेश में मौसम के शुष्क रहने की संभावना है। लेकिन, तेईस और चौबीस फरवरी को मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ़ में एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने के आसार हैं।

<><><><><><>